राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–96/2024

राजभवन में महाराष्ट्र दिवस का आयोजन किया गया

पटना, 05 मई, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन, बिहार के राजेन्द्र मंडप में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित महाराष्ट्र के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मराठी एक विशिष्ट समाज नहीं, बल्कि एक वृत्ति है। महाराष्ट्र सर्वदृष्टि से सम्पन्न राज्य है। यहाँ की ज्ञान–परंपरा, संत–परंपरा, इतिहास, संगीत आदि अत्यन्त समृद्ध हैं। यह राज्य औद्योगिक दृष्टि से भी सम्पन्न है।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार में रहनेवाले महाराष्ट्र के लोग इस राज्य को आगे ले जाने के लिए प्रयत्नशील हैं। वे महाराष्ट्र की भाँति ही बिहार को भी विकसित करने के लिए दृढ़संकल्पित होकर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों में अपनापन की भावना है और दूसरे राज्यों को यहाँ आकर लगता है कि वे बिहार के ही हैं।

राज्यपाल ने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित आज का कार्यक्रम सिर्फ महाराष्ट्र दिवस नहीं, बल्कि भारतीयता का दिवस है। भारत जब–जब एक होता है, तब–तब श्रेष्ठ होता है। हमारी एकता में ही भारत की श्रेष्ठता है।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता के चित्र एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव द्वारा महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री रमेश बैस के संदेश का वाचन किया गया तथा महाराष्ट्र की संस्कृति पर आधारित वीडियो का प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम को बिहार मानवाधिकार आयोग के माननीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री अनंत मनोहर बदर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, बिहार में पदस्थापित महाराष्ट्र के पदाधिकारीगण एवं उनके परिजन, महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारीगण, बिहार में रहकर पढ़ाई करनेवाले महाराष्ट्र के छात्र–छात्राएँ, बिहार में रह रहे महाराष्ट्र के महानुभावगण एवं उनके परिजन, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....